निदेशालय: उ0प्र0 कौशल विकास मिशन
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग
परिसर: राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज,
लखनऊ: दिनांक: 21 फरवरी, 2025

सेवा में,
समस्त सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता
उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन।
अलीगंज, लखनऊ।

विषयः- **प्रदेश के अवशेष रह गये जपदों के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु ''प्रोजेक्ट प्रवीण'' के अन्तर्गत लक्ष्य आवंटन के आवेदन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के पत्र दिनाँकः 13 जनवरी, 2025 द्वारा प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये प्रदेश के समस्त जनपदों के चयनित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु समस्त सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर अपने आवेदन के अनुरोध को प्रेषित किये जाने का अवसर प्रदान करते हुये आवदेन प्राप्त किये गये हैं।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि आवेदनों के परीक्षणोपरान्त यह संज्ञान आया है कि कतिपय जनपदों व उनके राजकीय माध्यमिक विद्यालयों हेतु प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा आवेदन हेतु अनुरोध नहीं किया गया है, जिसकी पूर्ति के अन्तर्गत सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है ऐसे समस्त जनपदों हेतु उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सूचीबद्ध समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवदेन का एक अवसर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर प्रदान किया जाये। प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा अपने आवेदन को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

- प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा अधिकतम 03 जनपदों में ही आवेदन किया जा सकता है।
- प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा किसी भी जनपद के अधिकतम 3 विद्यालयों हेतु ही आवेदन किया जा सकता है।
- प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा प्रत्येक चयनित विद्यालय में 2 जॉब-रोल (पृथक-पृथक सेक्टर में) में ही आवेदन किया जा सकता है।
- समस्त जनपदों व चयनित किये गये विद्यालयों की प्रविष्टि को DSC के माध्यम से Lock किया जायेगा, जिसमें किसी भी प्रकार परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
- प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा किये गये आवेदन यथा जनपद, विद्यालय, स्कूल व जॉब-रोल पर अंतिम निणर्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा लिया जायेगा।

अतः प्रविष्टि को सावधानीपूर्वक भरें और पुनः परीक्षण कर ही Lock करें। पोर्टल पर आवेदन के अनुरोध को उल्लिखित करने की अंतिम तिथि दिनाँकः 26 फरवरी, 2025 है।

कृपया उपरोक्तानुसार निर्धारित समयावधि में प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु लक्ष्यावंटन हेतु अनुरोध प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अभिषेक सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवे अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास औरा उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. सहायक प्रबन्धक, आई0टी0 प्रकोष्ठ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार पोर्टल पर व्यवस्था करते हुए आदेश को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उत्तर प्रदेश।
6. गार्ड फाइल।

(अभिषेक सिंह)
मिशन निदेशक

Signed by
Abhishek Singh
Date: 21-02-2025 10:10:58